RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-05 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 27 फरवरी से 04 मार्च 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# प्रशांत नायर, अंगद प्रताप, अजित कृष्णन... गगनयान मिशन के चारों एस्ट्रोनॉट्स आए सामने

**Gaganyaan के चारों एस्ट्रोनॉट्स के नाम सामने आ गए हैं. ये हैं प्रशांत नायर, अंगद प्रताप, अजित कृष्णन और शुभांशु शुक्ला. पीएम नरेंद्र मोदी ने इन्हें एस्ट्रोनॉट विंग्स देकर इनके दुनिया के सामने पेश किया. चारों भारतीय वायुसेना के टेस्ट पायलट हैं. चारों की बेंगलुरु के एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग फैसिलिटी में ट्रेनिंग चल रही है.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने Gaganyaan के चारों एस्ट्रोनॉट्स को एस्ट्रोनॉट विंग्स पहनाए. अब इन चारों एस्ट्रोनॉट्स के नाम सामने आ गए हैं. ये भारतीय वायुसेना के टेस्ट पायलट है. इनके नाम है ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर, अंगद प्रताप, अजित कृष्ण और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला. पीएम मोदी ने इन चारों को दुनिया के सामने पेश किया.

ये चारों देश के हर तरह के फाइटर जेट्स उड़ा चुके हैं. हर तरह के फाइटर जेट्स की कमी और खासियत जानते हैं. इसलिए इन चारों को गगनयान एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग के लिए चुना गया है. इनकी रूस में ट्रेनिंग हो चुकी है. फिलहाल बेंगलुरु में एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग फैसिलिटी में ट्रेनिंग चल रही है.

गगनयान मिशन के लिए सैकड़ों पायलटों का टेस्ट हुआ था. इसके बाद उसमें से 12 चुने गए. ये 12 तो पहले लेवल पर आए. इनका सेलेक्शन इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोस्पेस मेडिसिन में किया गया. इसके बाद कई राउंड के सेलेक्शन प्रोसेस पूरा किया गया. तब जाकर ISRO और वायुसेना ने चार टेस्ट पायलट के नाम फाइनल किए.

इसके बाद इसरो ने इन चारों को 2020 के शुरूआत में रूस भेजा ताकि वो बेसिक एस्ट्रोनॉट ट्रेनिंग ले सकें. कोविड-19 की वजह से




इनकी ट्रेनिंग में देरी हुई. वो 2021 में पूरी हुई. इसके बाद से ये चारों लगातार ट्रेनिंग कर रहे हैं. कई तरह के ट्रेनिंग हो रही है।



# सिपाही भर्ती पेपर लीक की प्रिंटिंग प्रेस में रची गई थी साजिश! इन सवालों के जवाब तलाश रही - STF

उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा कैंसिल होने के बाद क्क्ञ्स्न्र पेपर लीक करने वालों की तलाश में जुट गई है. क्क्ञ्स्न्र ने इस मामले में भर्ती बोर्ड से अहम जानकारी मांगी है.

उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा (क्क्क्चद्वद्य श्व×ड्ड) रद्द होने के बाद यूपी एसटीएफ (क्क स्ञ्स्न्र) इस परीक्षा का पेपर लीक करने वालों की तलाश में जुट गई है. स्ञ्स्न्र ने इस मामले में भर्ती बोर्ड से जानकारी मांगी है. जैसे- किस एजेंसी के जरिए प्रश्न पत्र बना, किन विशेष विषय विशेषज्ञों का चयन हुआ, कैसे पेपर प्रिंटिंग प्रेस में छपकर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचा आदि.

यूपी एसटीएफ ने भर्ती बोर्ड से परीक्षा को लेकर पूरा ब्यौरा मांगा है. वहीं, दूसरी तरफ भर्ती बोर्ड अभ्यर्थियों के द्वारा मिली आपत्तियों के साथ मिले सबूत के आधार पर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी में जुटा है. संभावना है कि सोमवार को भर्ती बोर्ड के सचिव की तरफ से एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी.

गौरतलब है कि रविवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक करने वाले माफियाओं पर नजीर पेश करने वाली कार्रवाई का ऐलान किया था. खुद सीएम योगी ने पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द कर एसटीएफ से जांच का आदेश दिया है. इसी क्रम में अब यूपी एसटीएफ ने पुलिस का पेपर लीक करने वाले सॉल्वर्स की धरपकड़ के लिए कड़ी से कड़ी को जोड़ना शुरू कर दिया है.

# किसानों के खाते में आएंगे 2000 रुपए PM 28 फरवरी को ट्रांसफर करेंगे 16वीं किस्त


**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को क्क्रू किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त का हस्तांतरण महाराष्ट्र के यवतमाल जिले से करेंगे।**

इस योजना के तहत हर किस्त में किसानों के अकाउंट में 2,000 रुपए की राशि आती है। क्क्रू किसान योजना का लाभ पाने के लिए किसानों को कहीं जाने की जरूरत नहीं है। यह ष्ठक्चञ्ज (डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर) के माध्यम से उनके खाते में आती है।

आज आपका बटुआ में क्क्रू किसान सम्मान निधि योजना के बारे में जानेंगे। साथ ही इस योजना की शर्तों के बारे में भी जानेंगे।

अगर आप भी इस योजना का लाभ पाना चाहते हैं तो आपको जल्द से जल्द श्व-द्मङ्घष्ट और अपनी जमीन का सत्यापन करवा लेना चाहिए। सरकार ने श्व-द्मङ्घष्ट को अनिवार्य कर दिया है। जिन किसानों ने श्व-द्मङ्घष्ट नहीं करवाया है, वो इस योजना के लाभ से वंचित रह सकते हैं।

## संभल से सपा सांसद शफीकुर्रहमान का निधन, 94 साल की उम्र में ली आखिरी सांस



समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का 94 साल की उम्र में निधन हो गया. वह 5 बार लोकसभा चुनाव में अपनी जीत दर्ज करा चुके थे. उन्होंने साल 1996, 1998 और 2004 में सपा से मुरादाबाद लोकसभा सीट पर 3 बार जीत दर्ज की थी.संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का मंगलवार को 94 साल की उम्र में निधन हो गया है. उन्होंने मुरादाबाद के सिद्ध हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली. बता दें कि पिछले कुछ समय से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था. उन्हें शारीरिक कमजोरी और लूज मोशन के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था. डॉक्टरों ने उन्हें किडनी में इन्फेक्शन की समस्या बताई थी।

## शिंदे सरकार की चेतावनी के बाद बैकफुट पर जरांगे, 17 दिन से चल रहा अपना अनशन समाप्त किया



रविवार शाम जरांगे अपने गांव अंतरवली सराटी में लोगों को संबोधित करते हुए अचानक तैश में आ गए और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर अपने एनकाउंटर की साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि अब वह मुंबई में फडणवीस के बंगले के बाहर ही अनशन करेंगे। इतना कहकर वह पैदल ही मुंबई के लिए निकल पड़े थे।

मुंबई। एक दिन पहले ही उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को भला-बुरा कहते हुए तैश में मुंबई मार्च पर निकल पड़े मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल सरकार की कड़ी चेतावनी के बाद सोमवार को बैकफुट पर आते दिखाई दिए। उन्होंने 17 दिन से चल रहा अपना अनशन समाप्त कर दिया। अब वह गांव-गांव जाकर लोगों को अपना मुद्दा समझाएंगे।

संपादकीय

# हमलावरों को कानून का खौफ नहीं, नफे सिंह राठी की हत्या पर उठे सवाल

**इस मामले में प्रशासनिक तंत्र की कोताही इस रूप में सामने आई है कि खबरों के मुताबिक राठी पर पहले भी हमले हुए थे और लगातार धमकियां दी जा रही थीं। इसके बावजूद सरकार की ओर से उन्हें सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई थी। हरियाणा के बहादुरगढ़ में इंडियन नेशनल लोक दल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ा हुआ है कि वे किसी नेता की हत्या करने से भी नहीं हिचक रहे। कई बार घटना की प्रकृति से भी पता चलता है कि हमलावर कानून से कितने बेखौफ हैं।**



इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कार से पीछा करके अपराधियों ने सरेआम ताबड़तोड़ गोलियां चलाईं, जिसमें नफे सिंह की जान चली गई और उनके कई सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए। घायल हुए एक अन्य कार्यकर्ता को भी नहीं बचाया जा सका।

हालांकि इस हत्याकांड की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है, मगर अब घटना के बाद एक रस्म की तरह पुलिस ने आरोपियों को जल्दी पकड़ लेने का भरोसा दिया। विंडबना है कि ऐसे आश्वासन अगर पूरे हो भी जाते हैं तो अगली घटनाओं को रोकने के लिए सबक नहीं बन पाते। सवाल है कि ऐसी नौबत आने से पहले सरकार और प्रशासन की ओर से समय पर ऐसे कदम क्यों नहीं उठाए जाते, जिससे अपराधों पर लगाम लगाई जा सके!

ऐसी घटनाओं में एक आम आशंका यह उभरती है कि क्या इसके पीछे राजनीतिक खींचतान, आपसी रंजिश या फिर महत्त्वाकांक्षाओं का टकराव मुख्य कारण है। यह नफे सिंह राठी की हत्या के संदर्भ में अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, मगर उनके बेटे ने इसके पीछे राजनीतिक साजिश होने का दावा किया और कहा कि ऐसे लोग हैं जो उनके पिता को विधायक के रूप में नहीं देखना चाहते थे।

इस मामले में प्रशासनिक तंत्र की कोताही इस रूप में सामने आई है कि खबरों के मुताबिक राठी पर पहले भी हमले हुए थे और लगातार धमकियां दी जा रही थीं। इसके बावजूद सरकार की ओर से उन्हें सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई थी। अगर इस अपराध की साजिश पहले रची गई थी, तो प्रशासन इसे भांपने में कैसे नाकाम रहा? यह संभव है कि राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा या आपसी रंजिश के तहत एक नेता की हत्या कर दी गई हो, लेकिन यह साफ है कि अगर सरकार ने समय पर जरूरी कदम उठाए होते, तो इस वारदात को रोका जा सकता था।



संपादक-
गोपाल गावंडे

राजनीति

# कांग्रेस को लगा एक और झटका, पूर्व मंत्री ने थामा BJP का हाथ; पांच बार रहे Lok Sabha सांसद




कांग्रेस के मौजूदा राज्यसभा सदस्य और यूपीए सरकार में पूर्व रेल राज्य मंत्री नारायण राठवा आज बीजेपी में शामिल हो गए हैं। वो अपने बेटे संग्राम सिंह के साथ आज (27 फरवरी) भाजपा में शामिल हुए। नारायण राठवा उन कांग्रेस नेताओं में से हैं जिनका राज्यसभा टर्म इस बार पूरा हो रहा है। वो साल 2004 में छोटा उदेपुर लोकसभा सीट से जीते थे। नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को एक और तगड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के मौजूदा राज्यसभा सदस्य और यूपीए सरकार में पूर्व रेल राज्य मंत्री नारायण राठवा अहमदाबाद ने बीजेपी का दामन थाम लिया है। वो अपने बेटे संग्राम सिंह के साथ आज (27 फरवरी) भाजपा में शामिल हुए। गुजरात भाजपा प्रमुख सी आर पाटिल ने यहां पार्टी के राज्य मुख्यालय %कमलम% में राठवा और अन्य को भगवा स्कार्फ और टोपी देकर पार्टी में शामिल किया।

**पांच बार सासंद रह चुके हैं नारायण राठवा**

नारायण राठवा उन कांग्रेस नेताओं में से हैं, जिनका राज्यसभा टर्म इस बार पूरा हो रहा है। वो साल 2004 में छोटा उदेपुर लोकसभा सीट से जीते थे। वो इस सीट से पांच बार सांसद रह चुके हैं। इस सीट पर सबसे पहले उन्होंने 1989 में जीत दर्ज की थी। हालांकि, साल 2009 और 2014 उन्हें दो बार हार का सामना करना पड़ा।

## अप्रैल में खत्म होगा राज्यसभा का कार्यकाल

गुजरात के छोटा उदेपुर के आदिवासी नेता राठवा का राज्यसभा सदस्य के रूप में कार्यकाल इस साल अप्रैल में समाप्त हो जाएगा। वह पांच बार लोकसभा के लिए चुने गए। राठवा के बेटे संग्रामसिंह ने 2022 के गुजरात विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जनजाति (एसटी)-आरक्षित छोटा उदेपुर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था, लेकिन असफल रहे।

राठवा 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार में रेल राज्य मंत्री थे और 2009 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार रामसिंह राठवा से हार गए थे।

## 10वीं की परीक्षा देने पहुंची छात्रा से छेड़छाड़

# हाथ पकड़ा और जबरदस्ती स्टॉल ओढ़ाने लगे, मना किया तो करने लगे अश्लील कमेंट

**इंदौर के खजराना के एक स्कूल में 10वीं क्लास की स्टूडेंट से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बदमाशों ने छात्रा का हाथ पकड़ा और जबरदस्ती स्टॉल (शॉल) ओढ़ाने की कोशिश की। छात्रा के मना करने पर बदमाशों ने उसे अश्लील कमेंट किए और स्टॉल वहीं जला दी। खजराना पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर सोमवार रात केस दर्ज किया है।**

खजराना पुलिस के मुताबिक आरोपी रावजी बाजार इलाके के रहने वाले हैं। परिवार के साथ पहुंची छात्रा ने दोनों बदमाशों सोहेल और अदनान के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में केस दर्ज कराया। सोमवार सुबह छात्रा परीक्षा देने पहुंची। उसे दो बदमाशों ने स्टॉल (शॉल) ओढ़ाने की कोशिश की। छात्रा ने मना किया तो बदमाशों ने स्टॉल वहीं जला दिया। इससे छात्रा परीक्षा देने से पहले बुरी तरह घबरा गई।

जैसे-तैसे परीक्षा देने के बाद छात्रा ने परिजनों को घटनाक्रम की जानकारी दी। खजराना पुलिस के मुताबिक नाबालिग पीड़िता (17 साल) को परीक्षा देने के लिए सोमवार को उसके अंकल खजराना के स्कूल में सुबह 7.30 बजे छोड़कर गए थे।

वह परीक्षा देने अंदर जाने लगी तभी वहां सोहेल पहुंच गया। छात्रा परीक्षा रूम में जाने लगी तो सोहेल ने उसका हाथ पकड़ लिया। और सर्दी से बचने के लिए स्टॉल देने लगा। छात्रा के मना करने पर जबरदस्ती ओढ़ाने लगा। सोहेल के साथ आए उसके दोस्त अदनान ने भी छात्रा पर अश्लील कमेंट किए।

छात्रा के मना करने के बाद सोहेल ने स्टॉल को स्कूल परिसर में ही जला दिया। कहा कि तेरी औकात क्या है। तभी अदनान ने कहा कि सोहेल से बात कर ले नहीं तो ठीक नहीं होगा। हम दोनों तुझे सुकून से जीने नहीं देंगे। इससे छात्रा बुरी तरह घबरा गई। परीक्षा के बाद लेने आए अंकल को उसने पूरा घटनाक्रम बताया।



छात्र ने घर पहुंचकर परिवार को भी यह वाकया बताया। इसके बाद परिवार ने सोहेल और अदनान पर छेड़छाड़ व अन्य मामलों में शिकायत दर्ज कराई।

## इंदौर के तीन इमली ब्रिज पर एक्सीडेंट-बाइक सवार युवक की मौत; घटना स्थल से बाइक गायब




इंदौर के तीन इमली ब्रिज पर देर रात हुए एक्सीडेंट में एक युवक की मौत हो गई। बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। युवक की बाइक मौके पर नहीं मिली है। इसे लेकर पुलिस जांच कर रही है।

भंवरकुआ पुलिस का कहना है कि मृतक का नाम हिमांशु पुत्र योगेश शर्मा है। वह मंगल सिटी मॉल के पास का रहने वाला था। रात में घायल अवस्था में पड़ा मिला। उसे उपचार के लिए एमवाय भेजा गया। देर रात उसने दम तोड़ दिया।

हिमांशु मूल रूप से शिवपुरी का रहने वाला है। उसके परिचितों ने बताया कि उसके पास बाइक थी। लेकिन पुलिस को बाइक नहीं मिली है। परिवार की जानकारी निकाली जा रही है। दोस्तों से भी पूछताछ की जा रही है।

## डिपो मैनेजर के यहां लूट में बदला जांच का एंगल

# इंदौर पुलिस को किराए पर लूट कराने वाली इंटरस्टेट गैंग की तलाश

**इंदौर के बाणगंगा इलाके की लंदन विला में शुक्रवार तड़के हुई डकैती को लेकर पुलिस खाली हाथ है। पुलिस की अलग-अलग टीमें यहां के चौकीदार और अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है। जानकारी मिली है कि ढूहरुके डिपो मैनेजर के यहां घुसने वाले डकैत कुछ दिन पहले इसी कॉलोनी से बाइक भी चुराकर ले गए थे।**

कॉलोनी में लगे सीसीटीवी के फुटेज में कैद लुटेरों और बाइक चुराने वालों के चलने-फिरने के ढंग में समानता होने से पुलिस ने दोनों वारदातों में एक ही गैंग के शामिल होने की संभावना जताई है। वहीं वरिष्ठ अधिकारी किराए के लोगों को लाकर वारदात कराने वाली राजस्थान,महाराष्ट्र और गुजरात की गैंग्स को लेकर भी जांच करवा रहे हैं।

### फुटेज में दिखे बाइक चोरों की चाल-ढाल भी लुटेरों जैसी

पुलिस के मुताबिक लंदन विला में 9 फरवरी को बाइक चोरी की वारदात हुई थी। चोरी के फुटेज में जो बदमाश बाइक ले जाते दिख रहे हैं उनकी चाल-ढाल लुटेरों से मेल खा रही है। पुलिस के मुताबिक संभवत: बदमाश यहां पहले भी आए हैं। पुलिस कंस्ट्रक्शन के काम से जुड़े मजदूरों और ठेकेदारों को लेकर जांच कर रही थी, उसमें भी अभी तक कुछ खास नहीं मिला है।

### आदिवासी गैंग के साथ दूसरी गैंग पर नजर

पुलिस की टीमें पहले धार जिले के बाग-टांडा के बदमाशों को लेकर छानबीन कर रही थी। लेकिन 200 से ज्यादा बदमाशों को तलाशने के बाद जांच का एंगल अचानक बदल गया है। इंदौर पुलिस के अफसर अब गुजरात,महाराष्ट्र और राजस्थान की गैंग्स पर काम करने में जुट गए हैं।




पिछले दिनों चंदन नगर में गुजरात के दाहोद से किराए पर लाए गए बदमाशों से वारदात कराई गई थी। पुलिस ने ड्राइवर को पकड़कर पूरे मामले का खुलासा किया था। पुलिस को आदिवासी गैंग के भी दूसरे राज्यों की गैंग के संपर्क में होने की शंका है।

इधर, पुलिस के पास सफेद कार की पहेली भी अभी नहीं सुलझी है। बदमाश इंदौर से करीब 200 किलोमीटर दूर कार ले गए थे। माना जा रहा है कि कहीं ना कहीं पुलिस को पूरे मामले में छकाने के लिए लुटेरों ने मूवमेंट की दिशा बदली है।

### यह था पूरा मामला

बाणगंगा के लंदन विला में इंडियन ऑइल कंपनी के डिपो मैनेजर पुष्पेंद्र मित्तल के यहां शुक्रवार तड़के चार से ज्यादा बदमाशों ने घर में घुसकर लूट की वारदात की। आरोपियों ने पुष्पेंद्र के घर का लॉक तोड़ने के पहले कई घरों के गेट टटोले। लुटेरों के मूवमेंट कॉलोनी में लगे सीसीटीवी में कैद हुए थे।

पुलिस का मानना है कि आरोपियों ने गुमराह करने के लिए ही कॉलोनी के अन्य घरों में घुसने की कोशिश। जबकि मित्तल के यहां डकैती प्री-प्लान थी। माना जा रहा है कि लुटेरे पहले भी यहां रेकी करके गए थे। वारदात वाले दिन पुष्पेंद्र के घर पर होने का उन्हें अंदेशा नहीं था।

## सियागंज में जेसीबी की टक्कर से दीवार गिरी खुदाई के दौरान हुआ हादसा; 10 से ज्यादा टू व्हीलर दबे



**सियागंज में एक पुरानी दीवार गिरने से 10 से ज्यादा टू व्हीलर दब गए। घटना सोमवार शाम को हुई। यहां हॉउसिंग बोर्ड की मल्टी का काम चल रहा है। शाम को इसी से संबंधित काम के लिए जेसीबी से खुदाई चल रही थी। तभी जेसीबी पीछे करने में वह यहां स्थित एक पुरानी दीवार से टकरा गई। इससे आठ फीट ऊंची दीवार गिर गई।**

घटना में 10 से ज्यादा टू व्हीलर दब गए। उस दौरान वहां लोगों की मौजूदगी नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान जिन लोगों के वाहन दबे थे, उन्होंने जेसीबी चालक पर नाराजगी जाहिर की। वाहनों को निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## इंदौर में कोमा में गई महिला टीचर की मौत

**इंदौर** की जबरन कॉलोनी में रहने वाली घायल सरकारी टीचर की सोमवार रात को मौत हो गई। एक सप्ताह पहले सड़क हादसे में वह घायल हुई थी। उसके बाद से वे कोमा में चली गई। एग्जाम सेंटर जाते समय एक्टिवा को जीप ने टक्कर मारी थी। उन्हें सिक्योरिटी गार्ड ने घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचाया था।



खजराना पुलिस के मुताबिक घटना 19 फरवरी के दिन रोबोट चौराहे के पास की है। मोनिका पुत्री स्व. अशोक वर्मा (32) को एक्टिवा को जीप ने टक्कर मारी थी। टक्कर से मोनिका कई फीट दूर घसीटती चली गई थी। इसके बाद बेहोश हो गईं। सिक्योरिटी गार्ड ने मोनिका को उठाया और एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल भेजा। इलाज चल रहा था और वे कोमा में थीं। सोमवार देर शाम तबीयत बिगड़ी और रात को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।




परम पूज्य माता जी श्री निर्मला देवी । 7 मार्च 1981

आपको बस अपने आप को स्वीकार करना है, बस हो गया। सहजयोग ठीक इसी तरह से आसान है। आप मेरे सामने एक आसान सा प्रश्न पूछें, ‘माँ, क्या मैं आत्मा हूँ, क्या मैं स्वयं का गुरु हूँ?’ आप अपने स्वंय के गुरु हैं, लेकिन पहले आपको आत्मसाक्षात्कार लेना होगा। उससे पहले माँ आपकी गुरु हैं, लेकिन एक बार जब आप आत्मसाक्षात्कार प्राप्त कर लेते हैं तो आप स्वयं के गुरु बन जाते हैं ।.........

अब मैं करती यह हूँ, कि मैं आपको अपने हृदय में धारण करती हूँ और आपको आपके सहस्त्रार के द्वारा निर्मल जन्म देती हूँ।.... आप परमात्मा के प्रेम के सागर की तुलना में कितने पाप कर सकते हैं? मैं प्रेम के सागर की बात कर रही हूँ। अतः अगर आपके अंदर प्रकाश आ गया है, तो आप अपने प्रति दयालु बनें । अपने ऊपर दया करें। आप आत्मा के पूजा स्थल हैं।

# चाय को ज्यादा देर उबालने पर बन सकती है जहर, ठंड में ज्यादा पीने वाले हो जाएं सावधान

**ठंड के मौसम में चाय की हुड़क सभी को लगती है। लेकिन एक्सपर्ट कहते हैं कि इन दिनों में ज्यादा चाय पीने से बचना चाहिए। खासतौर से अदरक वाली चाय का सेवन दिनभर में दो से तीन बार ही करें।**

चाय ज्यादातर लोगों को पसंद होती है। खासतौर से सर्दी के दिनों में लोग इसका सेवन कुछ ज्यादा करते हैं। कह सकते हैं कि इन दिनों में चाय लोगों की पहली जरूरत बन जाती है। इसके बिना उनका दिन पूरा नहीं होता। कहते हैं ठंड के दिनों में एक प्याला चाय आपको तमाम बीमारियों से दूर रखती है। चाय को विंटर सीजन में बेस्ट इम्यूनिटी बूस्टर माना जाता है। लेकिन अगर आपको कहा जाए, कि सर्दियों में ज्यादा चाय पीने से बचना चाहिए, तो क्या आप ऐसा करेंगे। सर्दियों में वैसे ही चाय का इंटेक काफी बढ़ जाता है। हालांकि, यह फायदेमंद होती है, लेकिन इसका जरूरत से ज्यादा सेवन स्वास्थ्य के लिए परेशानियां खड़ी कर सकता है। तो आइए जानते हैं सर्दियों में क्यों चाय का सेवन कम कर देना चाहिए।

### डॉक्टर ने क्यों कहा सर्दियों में चाय पीने से बचें? बचें अदरक वाली चाय से

ठंड के दिनों में अदरक वाली चाय मिल जाए, तो आत्मा तृप्त हो जाती है। इसे पीने से न केवल सर्दी जुकाम से छुटकारा मिलता है, बल्कि सर्दियों में बार-बार यूरिन जाने की समस्या में भी बहुत आराम मिलता है। लेकिन डॉ. पांडे ने अदरक वाली चाय ना पीने की सलाह दी है। वह बताती हैं कि हम चाय में अदरक, लौंग, इलायची डालकर काफी देर तक उबालते हैं। कोशिश करें कि चाय को बहुत देर तक ना उबालें। क्योंकि इससे चाय में मौजूद टैनिन बाहर आ जाते हैं। जो एसिडिटी का सबसे बड़ा कारण हैं।

### क्या होता है टैनिन

टैनिन एक तरह का एंटीऑक्सीडेंट है, जो चाय की पत्तियों में पाया जाता है। जब टैनिन को ज्यादा मात्रा में लिया जाए, तो इससे एसिड रिफलक्स और गैस बन सकती है। अगर चाय पीने के बाद गैस लंबे समय तक बनी रहे, तो पेट में सूजन आ जाती है। इसलिए कहते हैं कि जिन लोगों को आंत से जुड़ी समस्या है, उन्हें चाय का सेवन कम से कम करना चाहिए। इतना ही नहीं, अगर पेट में इंफेक्शन है, तो इसका सेवन पूरी तरह से बंद कर देना चाहिए।

### दिन में कितनी बार चाय पिएं

एक्सपर्ट के अनुसार, दिन में दो या तीन बार से ज्यादा चाय नहीं पीनी चाहिए।



# घर में घोड़े की पेंटिंग लगाना सफलता का प्रतीक

**घर में घोड़े की पेंटिंग लगाना सफलता का प्रतीक माना जाता है। घर में उत्तर/पूर्व दिशा में घोड़े की पेंटिंग लगाने से हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। यदि आप नौकरी-बिजनेस में सफल होना चाहते हैं तो सात दौड़ते हुए घोड़ों की पेंटिंग इस दिशा ऑफिस में लगाएं। वास्तु शास्त्र में ऐसी बहुत सारी चीजों का उल्लेख किया गया है जो घर में पॉजिटिव एनर्जी लेकर आती हैं,जिनमें से एक है पेंटिंग्स वास्तु में ऐसी बहुत सी पेंटिंग्स के बारे में बताया गया है,जो घर में लगानी बहुत ही शुभ मानी जाती है। चलिए जानते हैं उन पेंटिंग्स के बारे में...**



### सफेद उल्लू की पेंटिंग

सफेद उल्लू को बहुत ही शुभ माना जाता है। इसका संबंध मां लक्ष्मी से होता है। मान्यताओं के अनुसार, सफेद रंग की उल्लू की पेंटिंग दक्षिण दिशा में रखनी शुभ माना जाता है। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत होती है धन के रास्ते भी खुलते हैं।





### राधा-कृष्ण की पेंटिंग

राधा-कृष्ण की पेंटिंग को पति-पत्नी के प्रेम का प्रतीक मानी जाती है। इसे पति-पत्नी के प्यार का प्रतीक माना जाता है। इसे बेडरूम की उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना चाहिए। इस बात का ध्यान रखें यदि बेडरूम की दीवार के साथ बाथरूम अटैच हो तो यह तस्वीर न लगाएं।



### वॉटरफॉल

वॉटरफॉल को घर की उत्तर दिशा में लगाना चाहिए। इस दिशा को फाउंटेन के लिए शुभ माना जाता है। इसी कोने से पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है।

### फिश एक्वेरियम की पेंटिंग

घर में फिश एक्वेरियम रखना बहुत ही शुभ मानी जाती है। यदि आप घर में फिश एक्वेरियम नहीं रख सकते तो इसकी पेंटिंग घर की उत्तर दिशा में लगा सकते हैं। एक्वेरियम में बहता हुआ पानी, पॉजिटिव एनर्जी को दिखाता है।



# चेहरे पर फेस सीरम लगाना क्यों है जरूरी?

अगर आपको स्किन को हाइड्रेट रखना है और लंबे समय तक त्वचा को जवां बनाए रखना है तो फेस पर सीरम जरूर लगाएं। रोजाना सीरम लगाने से स्किन मॉइस्चराइज़ रहती है और त्वचा डिहाइड्रेशन से भी बचती है। मार्केट में आपको आसानी से कई तरह के सीरम मिल जाएंगे।आप चाहें तो अपनी स्किन के हिसाब से घर में भी सीरम तैयार कर सकते हैं। खास बात ये है कि घर में बना सीरम पूरी तरह से कैमिकल फ्री होता है। आप विटामिन ई और विटामिन सी को मिलाकर ये सीरम तैयार कर सकते हैं। गर्मियों के लिए ये सबसे बेस्ट सीरम है। आइए जानते हैं कि घर में कैसे बनाएं फेस सीरम..



### विटामिन ई और विटामिन सी से सीरम के फायदे

अगर आपको फेस पर शाइन और ग्लो चाहिए तो विटामिन ई और विटामिन सी से बना सीरम इस्तेमाल करें। इनमें पाए जाने वाले तत्व आपकी त्वचा को निखारने में मदद करते हैं। इससे स्किन ग्लोइंग बनती है।

### विटामिन ई और सी सीरम बनाने के लिए सामान

आपको सीरम बनाने के लिए विटामिन सी के 2 कैप्सूल चाहिए। इसके साथ विटामिन ई का 1 कैप्सूल मिलाएं। इसमें 2 चम्मच गुलाबजल और 1 चम्मच ग्लिसरीन मिक्स करें। अब 1 चम्मच एलोवेरा जेल और एक छोटी कांच की बोतल चाहिए, जिसमें ड्रॉपर हो।

## विटामिन ई और सी से कैसे बनाएं सीरम

- फेस सीरम बनाने के लिए एक बाउल में एलोवेरा जेल और गुलाब जल मिक्स कर लें।
- अब इसमें आप विटामिन सी के कैप्सूल और विटामिन ई के कैप्सूल को तोड़कर मिला दें।
- ग्लिसरीन डालें और सारी चीजों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें।
- आपकी स्किन के लिए विटामिन ई और विटामिन सी से बना सीरम बनकर तैयार है।
- इसे आप कांच की बोतल में भरकर फ्रिज में रख दें।
- रात में सोने से पहले फेस को क्लीन करें और फिर ये सीरम लगा लें।
- सीरम को फेस पर हल्की मसाज करते हुए लगाएं। ताकि ये स्किन के अंदर तक आसानी से चला जाए।
- करीब आधा घंटे बाद फेस को सादा पानी से धो लें।



# आर्टिकल 370 को प्रोपेगेंडा कहने पर एक्ट्रेस प्रियामनी ने दिया जवाब, बोलीं हमारा मिशन लोगों को...

**%आर्टिकल 370% की एक्ट्रेस प्रियामणि ने बताया कि उन्हें खुद भी पता नहीं था कि फिल्म में क्या होने वाला है. उन्होंने बताया कि इस फिल्म को बनाने के पीछे पूरी टीम का असल मकसद क्या था. उन्होंने कहा कि इस फिल्म में कोई लिबर्टी भी नहीं ली गई है और सबकुछ रियल घटनाओं पर बेस्ड है।**



यामी गौतम और प्रियामणि स्टारर फिल्म आर्टिकल 370 थिएटर्स में जनता का दिल जीत रही है. शुक्रवार को रिलीज हुई इस फिल्म को अच्छे रिव्यू मिले और जनता ने भी फिल्म को खूब पसंद किया है. कश्मीर के हालात और एक ऐतिहासिक राजनीतिक फैसले को एंगेजिंग तरीके से बड़े पर्दे पर दिखाने वाली इस फिल्म ने पहले ही दिन से कमाई भी दमदार की है।

पॉलिटिकल स्वाभाव वाली फिल्मों पर हमेशा एक तरह का रिएक्शन जरुर आता है कि ये प्रोपेगेंडा है। जाहिर सी बात है, सोशल मीडिया पर आर्टिकल 370 को लेकर भी बहुत से लोगों ने इस तरह की बात कही है. अब फिल्म की एक्ट्रेस प्रियामणि ने फिल्म को प्रोपेगेंडा कहे जाने पर बात की है. उन्होंने ये भी बताया कि इस कहानी को पर्दे पर लेकर आने के पीछे टीम का क्या मकसद था।

### प्रियामणि ने बताया क्या था फिल्म बनाने का मकसद

न्यूज 18 के साथ एक बातचीत में प्रियामणि ने आर्टिकल 370 बनाने के पीछे मेकर्स का इरादा बताया. उन्होंने कहा, कुछ लोग कहेंगे कि इससे अवेयरनेस फैल रही है. लोगों को ये कहानियां पता चलनी चाहिए. और एक तबका हमेशा रहेगा जो कहेगा कि ये पूरी तरह प्रोपेगेंडा है. जब हमने ये फिल्म पकड़ी या हमने तय किया कि हम ये फिल्म कर रहे हैं, तो मेरे हिसाब से हम लोगों को ये बताना चाहते थे कि सुनिए इतिहास में ऐसा कुछ भी हुआ है और बहुत लोगों को इसके बारे में पता नहीं है।

प्रियामणि ने आगे कहा, मुझे यकीन है कि लोगों को इसके बारे में पता भी रहा होगा मगर उन्हें ये नहीं पता रहा होगा कि इसके लिए (आर्टिकल 370 हटाने के लिए) लोगों ने क्या कुछ झेला है. जनरली, जब आप ऐसा कोई मिशन प्लान करते हैं तो कैजुअल्टी होने का खतरा रहता है. लेकिन मुझे गर्व है कि ये एक ऐसा मिशन था जिसमें किसी की जान नहीं गई और इसे कामयाबी के साथ पूरा किया गया. बहुत लोगों को इसके बारे में पता नहीं था क्योंकि ये एक सीक्रेट मिशन था।

### प्रियामणि को खुद भी नहीं थी मिशन की जानकारी

आर्टिकल 370 की एक्ट्रेस प्रियामणि ने बताया कि उन्हें खुद भी पता नहीं था कि फिल्म में क्या होने वाला है. उन्होंने कहा, मैं इससे बेखबर लोगों में से एक थी. ये मेरी बहुत इनसेंसिटिव हरकत थी. मुझे पहले इस बारे में चीजें नहीं पता थीं. मुझे खुद को बस ये पता था कि अच्छा, ठीक है, आर्टिकल 370 हट चुका है, लेकिन मुझे इसकी गंभीरता नहीं पता थी. आज मुझे ये पता है।

### फिल्म में सारी रियल घटनाएं हैं

आर्टिकल 370 जैसी फिल्मों में अक्सर रियल घटनाओं को ड्रामेटिक तरीके से दिखाया जाता है. इस बारे में बात करते हुए प्रियामणि ने कहा, फिल्म में कोई लिबर्टी नहीं ली गई, जो सिनेमा में अक्सर किया जाता है. जो कुछ भी दिखाया गया है सब रियल घटनाओं पर आधारित है. कुछ लोग इसके बारे में अच्छी बातें करेंगे, कुछ को ये पसंद नहीं आएगी, लेकिन हमरा मिशन (इस मिशन के प्रति) जनता में जागरुकता फैलाना था।

### प्रियामणि ने की यामी की तारीफ

आर्टिकल 370 में प्रियामणि ने पहली बार यामी गौतम के साथ काम किया है. उनके साथ अपने एक्सपीरियंस के बारे में प्रियामणि ने बताया,यामी उन बेहतरीन एक्ट्रेसेज में से एक हैं जो आज हमारे पास हैं. उन्होंने फिल्म में जो किया वो लोगों के लिए एक देखने वाली चीज है क्योंकि उन्हें किसी ने भी कभी ऐसे अवतार में नहीं देखा, एक्शन सीक्वेंस करते हुए. वो हमेशा गर्ल-नेक्स्ट-डोर जैसी लगती हैं लेकिन उन्होंने एफर्टलेस तरीके से इस फिल्म का वजन सम्भाला है. उनके साथ काम करने में मुझे बहुत मजा आया!

प्रियामणि की बात करें तो वो साउथ में बहुत पॉपुलर हैं. हिंदी में उनका शो द फैमिली मैन भी बहुत पॉपुलर हैं, जिसमें वो मनोज बाजपेयी की पत्नी का किरदार निभाती हैं. पिछले साल वो सुपरस्टार शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर जवान में भी नजर आई थीं।



# इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में टीम इंडिया की जीत के बाद बड़ी खबर,बीसीसीआई बढ़ा सकता है टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों की सैलरी

**टेस्ट खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए अच्छी खबर है. आने वाले दिनों में उनकी सैलरी में भारी इजाफा हो सकता है. ऐसा इसलिए क्योंकि खबर है कि ब्ष्टष्ट्ढ इस पर विचार कर रहा है. इसके पीछे ब्ष्टष्ट्ढ की असली सोच क्या है,**




टेस्ट खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों को बड़ी सौगात मिल सकती है. खबर है कि BCCI रेड बॉल क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों की सैलरी बढ़ाने के मूड में है. वो इस पर विचार कर रहा है. ये बड़ी खबर तब सामने आ रही है, जब उधर भारतीय टीम नें इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज सील कर ली है. साथ ही इस कदम को BCCI के टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने के मकसद से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

द इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक हाल के दिनों में कई खिलाड़ियों को रेड बॉल क्रिकेट से दूरी बनाकर खुद को IPL के लिए बचाकर रखते देखा गया है. खिलाड़ियों के टेस्ट क्रिकेट के ऊपर IPL को तरजीह देने के इसी सोच को देखते हुए अब BCCI भी अपने एक इरादे को अमलीजामा पहना सकती है, जिसके तहत टेस्ट मैच की फीस में इजाफा देखने को मिल सकता है.

### क्या इस घटना के चलते BCCI कर सकती है फैसला?

ऐसा माना जा रहा है कि ईशान किशन के टीम मैनेजमेंट के बार-बार घरेलू क्रिकेट में खेलने के कॉल को नजरअंदाज करने की घटना से सबक लेते हुए BCCI ने फिर से टेस्ट मैच की सैलरी को लेकर विचार करने का मन बनाया है. बता दें कि लंबे फॉर्मेट में खेलने को नजरअंदाज कर ईशान किशन, पंड्या ब्रदर्स के साथ IPL खेलने की तैयारियों में जुटे दिखे हैं.

### टेस्ट से मुंह ना मोड़ें खिलाड़ी, इसलिए ये कदम

सैलरी का नया स्ट्रक्चर कैसा होगा, इसे लेकर इंडियन एक्सप्रेस ने BCCI के सूत्रों के हवाले से लिखा कि उदाहरण के लिए अगर कोई खिलाड़ी एक कैलेंडर ईयर में सारी टेस्ट सीरीज में खेलता है तो उसे सालाना करार से मिलने वाली रकम के अलावा अलग भी उसका रिवॉर्ड मिलेगा. ये कदम इसलिए है क्योंकि कोई भी खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट से मुंह ना फेरे।

### फिलहाल 1 टेस्ट मैच के मिलते हैं 15 लाख रुपये

सूत्रों ने बताया कि अगर नए सैलरी मॉडल पर मुहर लगती है तो इसे IPL 2024 के बाद से लागू कर दिया जाएगा.फिलहाल, BCCI एक टेस्ट खेलने के खिलाड़ियों को 15 लाख रुपये देती हैं. वहीं एक वनडे के 6 लाख रुपये जबकि एक T20 मैच खेलने के लिए खिलाड़ियों को 3 लाख रुपये देती है।


RESIDENTIAL PLOTS
FOR SALE




तुरन्त रजिस्ट्री। तुरन्त पजेशन

PLOT SIZE:-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT

1111/- SQFT

Book an appointment now:
8889066688, 9109639404

WWW.GATEWAYGHAR.IN

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, अमित शाह,मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने खजुराहो में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित

## खजुराहो के बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में गृह मंत्री ने कार्यकर्ताओं को दिलाया हर बूथ जीतने का संकल्प

## मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने भी किया बूथ समितियों के 23000 कार्यकर्ताओं को संबोधित



भाईयों और बहनों बीते दस सालों में मोदी जी ने देश में ढेरों बदलाव किए हैं। ये दस साल भारत के विकास के, भारत के 60 करोड़ गरीबों के कल्याण के, देश को आतंकवाद से मुक्त कराने के, महिला शक्ति को संसद और विधानसभा में 33 फीसदी आरक्षण देकर सम्मान देने के हैं। इन्हीं दस सालों में भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कदम रखा और शिवशक्ति पाइंट पर तिरंगा फहराया। लेकिन आने वाला चुनाव भारत को महान बनाने का चुनाव है। भारत को महाशक्ति बनाने का चुनाव है। आने वाला चुनाव भारत को दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है। मैं आज एक बार फिर मध्यप्रदेश की जनता के सामने झोली लेकर आया हूं और अपील करता हूं, आप इस बार 29 सीटों के कमल मोदी की झोली में डाल दीजिए, हम मध्यप्रदेश और भारत को पूर्ण विकसित बनाएंगे। यह बात केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को खजुराहो में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। सम्मेलन को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भी संबोधित किया। अमित शाह ने पार्टी नेताओं के साथ मंतगेश्वर मंदिर में भगवान शिवजी के दर्शन किए।

### हर बूथ पर कमल खिलाने का संकल्प लें

बूथ समिति कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आज में यहां 23 हजार बूथ कार्यकर्ताओं से बातचीत करने के लिए आया हूं। यह विजय का संकल्प लेने का सम्मेलन है, मोदी के नेतृत्व में 400 से ज्यादा सीटें लेकर सरकार बनाने का संकल्प लेने का सम्मेलन है। शाह ने कहा कि अन्य पार्टियां कई कारणों से चुनाव जीत सकती हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी अपने बूथ के कार्यकर्ताओं के दम पर ही चुनाव जीतती है। विधानसभा चुनाव में मिली जीत भी आपके परिश्रम,पसीने और पुरुषार्थ से मिली है।शाह ने कहा कि इस बार मोदी ने 400 पार का लक्ष्य दिया है और यह लक्ष्य बूथ के कार्यकर्ताओं के बिना हासिल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश राजमाता विजयाराजे सिंधिया की भूमि है, कुशाभाऊ ठाकरे की भूमि है, कमल की भूमि है। बूथ के कार्यकर्ता हर लाभार्थी से, हर युवा से, हर माता बहन, हर किसान से संपर्क करें और हर बूथ पर नरेंद्र मोदी बनकर खड़े रहें। हर कार्यकर्ता चट्टान की तरह अपने बूथ पर खड़े रहकर कमल खिलाने का संकल्प लें।

### भाजपा की सरकार ने पूरा किया हर वादा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बीते 10 सालों में हमारी सरकार ने हर वादा पूरा किया है। 2019 में राहुल बाबा ताना मारते थे- मंदिर वहीं बनाएंगे पर तारीख नहीं बताएंगे। 22 जनवरी 2024 को रामलला 500 सालों के बाद भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। जिस राम मंदिर के मुद्दे को कांग्रेस ने सालों तक अटकाकर, भटकाकर और लटकाकर रखा, उसका मोदी ने भूमिपूजन किया और प्राण प्रतिष्ठा कर करोड़ों रामभक्तों की इच्छा को पूरा किया। शाह ने कहा कि हमने कहा था धारा 370 को हटाकर रहेंगे, इस देश के अंदर दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं रह सकते। हमारा नारा था ' जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है'। मोदी के नेतृत्व में 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 को समाप्त कर दिया और आज कश्मीर भारत का मुकुटमणि बनकर हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि हमने सेना के रिटायर्ड जवानों को 'वन रैंक, वन पेंशन' का वादा किया था और मोदी ने ये वादा भी पूरा कर दिया। हमने वादा किया था कि तीन तलाक को समाप्त कर देंगे, मोदी ने मुस्लिम माता-बहनों के कल्याण के लिए ट्रिपल तलाक की प्रथा को भी समाप्त कर दिया। हमने वादा किया था कि विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण माता-बहनों को देंगे, हमारी सरकार ने ये वादा भी पूरा कर दिया। मोदी के शासन में नई संसद बनी, कर्त्तव्य पथ बना, महाकाल महालोक बना, केदारनाथ धाम, बद्रीनाथ धाम और सोमनाथ का मंदिर बना। काशी विश्वनाथ का गलियारा बना और राम मंदिर पर भी ध्वजा फहरा दी गई।

### मोदी सरकार ने बदला गरीबों का जीवन

शाह ने कहा कि हमने कहा था कि हम गरीबों के कल्याण के लिए काम करेंगे। जब मोदी प्रधानमंत्री बने तब उन्होंने कहा था कि भाजपा की सरकार गरीबों, दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को समर्पित रहेगी। हमने 80 करोड़ से ज्यादा गरीबों को प्रतिमाह, प्रति व्यक्ति 5 किलो मुफ्त अनाज देने का काम किया। 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर माता और बहनों को सम्मान करने का काम किया। चार करोड़ लोगों को घर दिया, 10 करोड़ माताओं को गैस का सिलेंडर दिया, 14 करोड़ परिवारों को नल से जल और 11 करोड़ किसानों को 6 हजार रूपए प्रति वर्ष देने का काम किया। हमारी सरकार 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा दे रही है।



### कांग्रेस करती है देश और सनातन का अपमान

शाह ने कहा कि सोनिया-मनमोहन की सरकार के 10 सालों में आए दिन पाकिस्तान से आलिया, मालिया, जमालिया आते थे और हमला करके भाग जाते थे। उन्हें याद नहीं रहा कि अब मोदी जी की सरकार है। जब उन्होंने उरी और पुलवामा में हमला किया, तो मोदी जी की सरकार ने 10 दिनों में सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारने का काम किया। श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सनातन धर्म का अपमान किया। उनके साथी सनातन धर्म को गालियां देते हैं। कांग्रेस ने राजा भोज के नाम पर मेट्रो का विरोध किया, रविदास मंदिर का विरोध किया, मां नर्मदा के जयकारे का विरोध किया और भारतीय संस्कृति को हमेशा अपमानित करने का काम किया। लेकिन मोदी भारत तो छोड़िए, यूएई में भी भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा करके आए हैं।

### कांग्रेस और भ्रष्टाचार एक-दूसरे के पर्याय

शाह ने कहा कि कांग्रेस और भ्रष्टाचार पर्यायवाची शब्द हैं। कांग्रेस का मतलब भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार का मतलब है कांग्रेस पार्टी।



## वर्ल्डक्लास रेलवे स्टेशन का पीएम ने किया वर्चुअल भूमि-पूजन

# इंदौर में 23 लिफ्ट, 17 एस्केलेटर और 3 सामान लिफ्ट भी लगाए जाएंगे

**इंदौर रेलवे स्टेशन के नए स्वरूप का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वर्चुअल भूमि-पूजन किया। साढ़े चार लाख स्क्वेयर फीट के बिल्ट अप एरिया वाले नए स्टेशन में 7 मंजिला हाईटेक बिल्डिंग बनेगी। यह लगभग नौ गुना बड़ी होगी। अभी बिल्ट अप एरिया 50 हजार स्क्वायर फीट है। लागत 492 करोड़ रहेगी। भव्य प्रवेश द्वार, रूफ प्लाजा, एग्जीक्यूटिव लाउंज, अतिरिक्त प्रवेश द्वार, प्लेटफॉर्म कवर शेड, वाई-फाई रहेगा।**



यह एयरपोर्टनुमा रेलवे स्टेशन 42 माह में बनकर तैयार होगा। इस पूरे प्रोजेक्ट को तीन फेस में पूरा किया जाएगा। नए रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन एक लाख के अधिक यात्रियों का आना जाना हो सकेगा। वर्तमान में 50 हजार से अधिक यात्री स्टेशन से ट्रेनों में सवार हो रहे हैं। हालांकि भविष्य में भी रेलवे स्टेशन पर चार प्लेटफार्म से ही ट्रेनों का संचालन होगा।

वर्चुअल भूमिपूजन के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी जब विकसित भारत की बात करता है तो इसके सूत्रधार और सबसे बड़े लाभार्थी देश के युवा ही हैं। यह युवाओं के सपनों का भारत है, इसलिए विकसित भारत कैसा होगा, यह तय करने का सबसे अधिक हक वो भी उन्हीं को है। आपका सपना ही मोदी का संकल्प है। आपका सपना, आपकी मेहनत, मोदी का संकल्प यह विकसित भारत की गारंटी है।

### ये भी बोले पीएम मोदी

आज का यह कार्यक्रम नए भारत की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। आज भारत जो भी करता है, अभूतपूर्व स्पीड और स्केल से करता है। आज के भारत ने छोटे सपने देखना छोड़ दिया है। बड़े सपने देखते हैं। उन्हें पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देते हैं।%

आज एक साथ रेलवे से जुड़ी 2 हजार से अधिक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। अभी तो इस सरकार के तीसरे टर्म की शुरुआत जून महीने से होने वाली है। अभी से जिस स्केल-स्पीड पर काम होना शुरू हो गया है, सभी को हैरत में डालने वाला है।

आज 27 राज्यों के 300 से अधिक जिलों में 550 से ज्यादा रेलवे स्टेशन का कायाकल्प का शिलान्यास हुआ है। आज 1500 से ज्यादा रोड, ओवरब्रिज, अंडर पास भी इसमें शामिल हैं। 40 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं एक साथ जमीन पर उतर रही हैं।

कुछ महीने पहले हमने अमृत भारत रेलवे स्टेशन की शुरुआत की थी। तब भी 500 से अधिक स्टेशन के आधुनिकीकरण पर काम हुआ। यह कार्यक्रम इसे और आगे बढ़ा रहा है। यह दिखाता है कि भारत की प्रगति की रेल किस गति से आगे बढ़ रही है।

अमृत भारत स्टेशन विरासत और विकास दोनों के प्रतीक होंगे। ऐसे स्टेशन शहर की विशेषता से दुनिया को परिचित कराएगा। इन स्टेशन के निर्माण में दिव्यांग - बुजुर्ग की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

बीते दस साल में हम सभी ने एक नया भारत बनते देखा है। रेलवे में तो परिवर्तन साक्षात हम अपनी आंख से देख रहे हैं। जिन सुविधाओं की देश के लोग कल्पना किया करते थे, उन्हें लगता था कि काश, भारत में यह होता तो? आज यही हम आंखों के सामने होता हुआ देख रहे हैं।

सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि आने वाले 50 वर्षों के हिसाब से इसे तैयार करने की योजना बनाई है। यात्रियों की सुविधा के लिए 23 लिफ्ट, 17 एस्केलेटर और 3 सामान लिफ्ट लगेगी। अभी रोजाना लगभग 2500 प्लेटफॉर्म टिकिट बिकते हैं। भविष्य में 5 से 7 गुना बढ़ने का अनुमान है। यह भी तय किया गया है कि जो बिजली विभिन्न ऑपरेशन में खर्च होगी उसका कम से कम 10त्न सोलर एनर्जी से प्राप्त हो।

### काम के दौरान बंद रहेंगे प्लेटफार्म

रेलवे स्टेशन को रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के कारण दो से ढाई साल तक के लिए बंद करना पड़ेगा। शुरुआत में इक्का-दुक्का प्लेटफॉर्म बंद किए जाएंगे। वहीं कार्य में तेजी आने के बाद सभी प्लेटफार्म बंद किए जाएंगे। इस दौरान इंदौर की तमाम ट्रेनें लक्ष्मीबाई नगर, आयलैंड प्लेटफॉर्म और महू स्टेशनों से चलेंगी और टर्मिनेट होंगी। रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत इंदौर स्टेशन का हर हिस्सा पूरी तरह तोड़ा जाएगा। इसके बाद नए सिरे से नई आधुनिक बिल्डिंग बनाने का काम होगा।

इंदौर का वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन ऐसा बनेगा,

इंदौर रेलवे स्टेशन के नए स्वरूप का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल भूमि-पूजन 26 फरवरी को करेंगे। 7 मंजिला हाईटेक बिल्डिंग बनेगी। यह लगभग नौ गुना बड़ी होगी। बिल्ट अप एरिया 4.56 लाख वर्गफीट का रहेगा। अभी 50 हजार वर्गफीट में है।

लागत 492 करोड़ रहेगी। भव्य प्रवेश द्वार, रूफ प्लाजा, एग्जीक्यूटिव लाउंज, अतिरिक्त प्रवेश द्वार, प्लेटफॉर्म कवर शेड, वाई-फाई रहेगा।

# इंदौर में ट्रैफिक सुधार पूरी तरह सफल नहीं-दिखावे के लिए सवा सौ जवान तैनात किए, अब 10 के भरोसे, 20 दिन में वन-वे व्यवस्था ध्वस्त

**जवाहर मार्ग और एमजी रोड को वन-वे घोषित किए 20 दिन बीत चुके हैं, लेकिन हालात फिर से टू-वे जैसे हो गए हैं। इसमें सबसे बड़ा कारण पुलिस की गैर मौजूदगी है। जब ट्रायल चल रहा था, तब सवा सौ पुलिसकर्मी तैनात थे। अब दोनों रूट पर महज 10 जवान तैनात हैं। दूसरा कारण है जब पुलिसकर्मी नहीं होते चालक भी रॉन्ग साइड ही जाते हैं।**

### जवाहर मार्ग - नंदलालपुरा से राज मोहल्ला की ओर वन-वे

सिर्फ यशवंत रोड चौराहे पर सख्ती, फिर पूरा रूट टू-वे जैसा

नंदलालपुरा पर एक तरफ का रोड बंद है, लेकिन रॉन्ग साइड कई वाहनों की कतारें लगी दिखीं। आगे पंढरीनाथ थाने और आड़ा बाजार वाले कट से चालक रॉन्ग साइड ही आते गए, जबकि 50 मीटर दूर यशवंत रोड चौराहा पर चार पुलिसकर्मी तैनात थे। बर्तन बाजार, बॉम्बे बाजार सहित कई गलियों से चालक रॉन्ग साइड में पहुंचे। यशवंत रोड चौराहा से राजमोहल्ला तक एक भी पुलिसकर्मी तैनात नहीं था। इसलिए यहां लोडिंग, ऑटो रिक्शा से लेकर बड़े वाहन गलत दिशा में आते रहे। 20 दिन पहले जो सफर 5-7 मिनट में पूरा होता था, उस पर अब 10-12 मिनट लग रहे।

08 जनवरी को ट्रायल के तौर पर दोनों रूट पर वन-वे लागू। 15 दिन ट्रायल चला

06 फरवरी को कलेक्टर ने अधिसूचना जारी कर वन-वे घोषित किया

### एमजी रोड - बड़ा गणपति से कृष्णपुरा छत्री की ओर वन-वे




यातायात नियमों को रौंद रही 'साहब' की गाड़ी

जैसे ही बड़ा गणपति चौराहे से सफर शुरू किया, सामने ही रॉन्ग साइड कई बाइक खड़ी थीं। तेजाजी चौक, टोरी कॉर्नर होते हुए मल्हारगंज थाने तक पहुंचे तो सामने से कई लोडिंग और रिक्शा वाले निकलते रहे। यहां एक भी जवान तैनात नहीं था जो लोगों को रोके। गोराकुंड चौक पर बैरिकेड्स के पास एक महिलाकर्मी कोने में खड़ी थी।

वह किसी को टोक नहीं रही थी। आगे खजूरी बाजार से तो पुलिस की एक जीप रॉन्ग साइड से आ रही थी। राजबाड़ा चौक पर महज चार पुलिसकर्मी दिखे, वे भी चालान बनाने में व्यस्त थे। राजबाड़ा से कृष्णपुरा छत्री तक वैसा ही हाल रहा, जैसा पहले टू-वे के दौरान रहता था। यहां तक पहुंचने में 10 मिनट लग गए। एक महीने पहले यह सफर 5 मिनट में पूरा हो रहा था।

सोमवार से वन-वे रूट का पालन सख्ती से कराया जाएगा। नियम तोड़ने वालों के चालान भी बनेंगे। अतिरिक्त फोर्स भी लगाएंगे, ताकि व्यवस्था का पालन ठीक तरह से हो सके।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )